एक नजर में

ब्याज के लिए सताया, चौकीदार ने की आत्महत्या

इंदौर . हातोद थाना क्षेत्र में एक स्कूल के चौकीदार ने सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी . पुलिस ने जांच के बाद पिता-पुत्रों सहित चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है . फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है . घटना बीते साल 25 सितंबर की है, जब भगवती कान्वेंट स्कूल के चौकीदार रूम में रहने वाले 45 वर्षीय राजेंद्र उर्फ राजू बोइना ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी . शुरुआत में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी, लेकिन मामले में सामने आए तथ्यों ने चौंका दिया . जांच में पता चला कि राजेंद्र पर उधारी का दबाव था और उससे ब्याज सहित रकम की वसूली के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था . वीरेंद्र पिता अनोखीलाल जैन, उसके दो बेटे जयेश और भावेश निवासी भटेवरा बाजार तथा विकास कुशवाह निवासी नंदलाल रोड द्वारा मृतक को धमकाया जा रहा था . पुलिस ने चारों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है . मामले में थाना प्रभारी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है . जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है .

जानापाव में ब्रह्म संसद का आयोजन

महू . ब्रह्मतीर्थ जानापाव में रविवार को देश भर के ब्राह्मणों का वृहद स्तर पर ब्रह्म संसद आयोजित की गई . अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में दो सत्रों में चर्चा हुई . विभिन्न मुद्दों पर चिंतन कर सदस्यों ने सुझाव दिए, बैठक में मप्र के अलावा उप्र , बिहार, झारखंड, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों के विभिन्न जिलों के ब्राह्मण जन अपनी अपनी टीम के साथ पहुंचे . अभा ब्राह्मण समाज के प्रमुख पं सुरेंद्र चतुर्वेदी ने उपस्थित ब्राह्मणों को आयोजन के मुख्य उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि आयोजन में ब्राह्मण समाज के समस्त संगठनों को एक जाजम पर लाकर एक समन्वय समिति का गठन किया जा रहा है . भगवान परशुराम की प्राकट्यस्थली पर प्रथम बार आयोजित इस ब्रह्म संसद में विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रस्ताव पारित किए गए . आयोजन में भारत के कोने कोने से आए ब्राह्मण जन एवं ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनो के पदाधिकारियों ने मिलकर एक साथ एक जाजम पर निर्णय लिए इस हेतु एक समन्वय समिति का गठन भी किया गया जिसके प्रमुख पं नर्मदाशंकर भार्गव को बनाया गया समिति संपूर्ण मप्र में कार्यरत रहेगी . कार्यक्रम में जूना अखाड़े के शैलेशानंद गिरी महाराज, परमहंस बापू श्री श्री या चंद्र मौली महाराज, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, सुनील पांडेय, पूर्व अपर आयुक्त आदित्य नागर, जयप्रकाश पुरोहित, विवेक शर्मा, कैलाश द्विवेदी, देवेंद्र शास्त्री, प्रवीण शर्मा, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, परशुराम सेना के प्रमुख अनूप शुक्ला, कमला त्रिपाठी, अशोक भार्गव, कैलाशदत्त पाण्डेय, प्रदीप द्विवेदी, संजय शर्मा आदि सहित हजारों की संख्या में ब्राह्मण जन उपस्थित थे . संचालन सुरेंद्र चतुर्वेदी एवं अनूप शुक्ला ने किया . आभार सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं जानापाव लोक न्यास के सदस्य पं दिनेश शर्मा ने माना .

आइडियल लाइफ़ क्लब ने औषधीय पौधे लगाए

महू . डॉक्टर आंबेडकर नगर पवित्र सावन माह में एकादशी के अवसर पर सामाजिक संस्था आइडियल लाइफ क्लब द्वारा औषधिय पौधे आंबेडकर गार्डन में लगाए गए . इस

दौरान निम, मीठा नीम, सीताफल, गिलोय, जाम, इन्सुलिन,पीपल, जामुन, पुदीना, एलोवेरा आदि पौधे लगाए गए . इस अवसर पर डॉ . नरेंद्र शर्मा, राजकुमार बागड़ी, कुंजीलाल पाल, धर्मेश जोशी, पत्रकार अशोक दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र श्रीवास, सुरेश क्षीरसागर, हेमंत कौशल, दीपक चौहान, विमल कौशल, लक्ष्मण अवतानी,सुभाष अग्रवाल, अतुल माहेश्वरी, आशीष तिवारी, जगवीर सिंह तोमर, राजकुमार सुप्रत उपस्थित थे . पूरा सप्ताह पौधे लगाए गए .

आंध्रप्रदेश के रेड्डी देपालपुर प्रवास पर आए

देपालपुर . आंध्र प्रदेश के कोडरू भाजपा विधानसभा प्रभारी एवं अन्नामय्या जिला महासचिव साई सुदर्शन रेड्डी अपने एक दिवसीय देपालपुर प्रवास पर आए . यहां उन्होंने भगवान श्री 24 अवतार के दर्शन पूजन किया . साथ ही नीरज मनोज पटेल के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया . जहां पर पूर्व विद्यार्थी परिषद् नगर अध्यक्ष विश्वजीत यादव, आदर्श यादव, आशु चौबे, विकास गोस्वामी, रिजवान खान, अंकित पांचाल, गोपाल धाकड़, मोनू नाथ, गोलू बाथम, फरहान खान आदि मौजूद रहे .

उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का भूमि पूजन

देपालपुर . ग्राम पंचायत सगड़ोद में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए विधायक मनोज पटेल के प्रयासों से नेशनल हेल्थ मिशन से 65 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिसमें उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि पूजन किया गया . वही जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुमान सिंह पवार, मलखान सिंह पंवार, जिला पंचायत सदस्य दशरथ पटेल, गुरु नानक बेटमा मंडल अध्यक्ष सोहन सिंह पटेल ने किया . कार्यक्रम में वासुदेव मकवाना, जनपद सदस्य पप्पू चौहान, नरपत सेट, दिनेश, नगर सरपंच राम सिंह सोलंकी, जितेंद्र चौहान, वासुदेव चक्की वाले इंदर सिंह गौड, सौदान ठाकुर, इंजीनियर पंकज कुमार ठेकेदार जीवन सिंह आदि मौजूद रहे .

यादव समाज ने किया कावड़ यात्रा का स्वागत

महू . कावड़ यात्रा का स्वागत प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामायण मंडल रामायण की कावड़ यात्रा संयोजक दिनेश सिंह चौहान का स्वागत स्थानीय ड्रीमलैंड चौराहे पर, युवा यादव महासभा के प्रदेश महामंत्री मोंटू यादव के नेतृत्व में किया, इस मौके पर सम्माजन द्वारा, सम्मान स्वरूप दिनेश सिंह चौहान को मोमेंटो तस्वीर भेंट की, मोंटू यादव ने बताया, की यात्रा में आस्था और विश्वास के प्रतीक बोल बम और, भोले, शंभू भोले नाथ के उद्घोष के साथ, हजारों की तादाद में युवा वरिष्ठ महिलाएं कावड़ लेकर चल रही थी, जहां यादव समाज ने सभी कावड़ यात्रियों का पुष्प बरसा के स्वागत किया . इस अवसर पर मंगल यादव, प्रकाश यादव, प्रभात यादव, सुशील यादव, राजेश लालू यादव, निहार यादव, अनुज यादव, प्रदीप पाल, बबला यादव, किशोरी लाल, बकलू शर्मा, निहार यादव, अनुज यादव, प्रमोद राम आदि मौजूद थे . आभार मोंटू यादव ने माना .

बाइक का रंग व ग्राहक की पसंद पूछकर चोरी करने वाली गैंग पकड़ाई

- चोरी की 34 बाइक के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार



नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर शिकंजा कसते हुए लसूड़िया पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने इस गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से करीब 22 लाख कीमत की 34 चोरी की बाइक बरामद की हैं. हैरानी की बात यह है कि ये आरोपी वाहन चोरी करने के बाद उन्हें खंडहरों या सुनसान इलाकों में छिपाकर रखते थे और जब किसी खरीदार से ब्रांड और रंग का ऑर्डर मिलता, तभी उस तरह की बाइक बेचने के लिए बाहर निकालते थे.

इस पूरे खुलासे में पुलिस को फर्जी इंजन और चेचिस नंबर चढ़ाने के उपकरण भी मिले हैं. गैंग के कुछ सदस्य पीपलरावां देवास के कंजर समुदाय के बदमाशों से ट्रेनिंग लेकर चोरी के इस धंधे में उतरे थे. पकड़े गए आरोपियों में मुख्य आरोपी अभिषेक मालवीय 22 और कैलाश उर्फ गोलू मालवीय 24 हैं, जो देवास के पीपलरावां क्षेत्र के रहने वाले हैं. आरोपियों ने खुलासा किया कि वे मोटरसाइकिल चोरी कर सुनसान जगहों पर खड़ी कर देते थे और खरीदार से ऑर्डर मिलने पर वाहनों को बेच देते थे. पुलिस ने जिन 34 बाइक को जब्त किया है, उनके संबंध में इंदौर और देवास जिले के थानों में 19 एफआईआर दर्ज हैं.

गिरोह के सदस्य वाहन की वायर काटकर बाइक डायरेक्ट स्टार्ट कर लेते थे और उन पर नकली इंजन व चेचिस नंबर डालने का काम गैस लाइटर, ग्राइंडर और स्पेशल डाई से करते थे. एक आरोपी जितेन्द्र सेंधव,

गांवों में चोरी की बाइक बेचने के लिए गैंग से लगातार ऑर्डर मंगवाता था. गैंग के पास से ऐसे उपकरण भी मिले हैं जिनसे वे धातु पर फर्जी नंबर उकेरते थे. इस कार्रवाई में थाना लसूड़िया प्रभारी तारेश कुमार सोनी व उनकी टीम उप निरीक्षक संजय बिश्नोई, अरुण मलिक, प्रधान आरक्षक अजय प्रजापति, रविंद्र कुशवाह, निरज रघुवंशी समेत साइबर सेल जोन-2 के आरक्षक प्रवीण, शशिकांत, विनीत और थाना सोनकच्छ से आरक्षक सत्येन्द्र की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही.

कंजर गिरोह से सीखा तरीका

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह तरीका पीपलरावां के कंजर गिरोह से सीखा. वे ग्राहकों से बाइक का ब्रांड और रंग पूछकर उसी तरह की बाइक चुराते थे. पहले बाइक को पार्किंग या सुनसान जगहों पर खड़ा किया जाता, फिर फर्जी नंबर डालकर बेच दिया जाता.

भागने के दौरान लगी चोट

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और एडीशनल कमिश्नर अमित सिंह के निर्देश पर जोन-2 डीसीपी हंसराज सिंह की देखरेख में एक विशेष टीम बनाई गई थी . लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी की अगुवाई में गठित टीम लगातार इलाके में सक्रिय बाइक चोर गिरोह की तलाश में जुटी थी . 13 जुलाई को टीम को सूचना मिली कि स्कीम 136 के पास सर्विस रोड पर दो संदिग्ध युवक चोरी की रॉयल एनफील्ड बाइक के साथ घूम रहे हैं . टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया . पकड़े जाने के दौरान दोनों बदमाश भागने लगे, जिससे उनके हाथ-पैर में चोटें भी आईं . पूछताछ में दोनों ने बाकी साथियों के नाम भी बताए, जिनमें राहुल मालवीय इंजन और चेचिस नंबर बदलने का मास्टर, अनिल पानवार सहायक चोर, और खरीददार जितेन्द्र सेंधव शामिल हैं . बाद में सभी को गिरफ्तार किया .

चैकिंग प्वाइंट से भागने लगा स्टंटबाज़, तलाशी में मिला बड़ा चाकू

नव भारत न्यूज

इंदौर. देर रात शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार बाइक से स्टंट करते हुए घूम रहे एक युवक को पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की, तो वह चैकिंग पाइंट देखकर बाइक घुमा भागने लगा, पीछा कर उसे पकड़ लिया गया. तलाशी लेने पर उसके पास से बड़ा चाकू बरामद हुआ है. पुलिस को उसके आपराधिक रेकॉर्ड और बाइक की चोरी से भी जुड़ाव होने की आशंका है.

हीरानगर थाना क्षेत्र में टीआई पप्पूलाल शर्मा के नेतृत्व में देर रात करीब दो बजे तक चैकिंग पाइंट लगाया था. इसी दौरान एक युवक बाइक से स्टंट करता हुआ आता दिखाई दिया. पुलिस को देखते ही वह बाइक मोड़कर तेजी से भागने लगा. टीआई के निर्देश पर टीम ने घेराबंदी कर कुछ दूरी पर ही उसे पकड़ लिया. युवक की मौके पर तलाशी लेने पर पुलिस को एक बड़ा चाकू मिला. पूछताछ में उसकी पहचान गोकुल यादव निवासी भागीरथपुरा के रूप में हुई. पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने बताया कि

उसकी कुछ लोगों से रंजिश चल रही है और उन्हीं से बचाव के लिए वह चाकू लेकर घूमता था. टीआई शर्मा ने बताया कि पकड़े गए युवक का पुराना अपराधिक रेकॉर्ड खंगाला जा रहा है. जिस बाइक से वह स्टंट कर रहा था, उसके चोरी की होने की भी आशंका है. इस संबंध में आज बाणगंगा थाना पुलिस से जानकारी मांगी गई है. पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है और उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की तैयारी में जुटी है.

तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, युवती की मौत

- शनिवार की देर रात शहर की सड़कों पर हुए तीन हादसे
- लसूड़िया में कार छह फीट गहरे प्लॉट में पलटी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में शनिवार रात से रविवार सुबह तक तीन अलग-अलग सड़क हादसे हुए, जिनमें एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती की जान चली गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए. सबसे दर्दनाक हादसा तिल्लोर के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में इंजीनियर युवती की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है. दो अन्य हादसे तेजाजी नगर और लसूड़िया क्षेत्र में हुए, जिनमें कारें पलट गईं.

पहली घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र तिल्लोर के पास उस समय हुआ, जब 25 वर्षीय आस्था सिंह सेंगर रतलाम निवासी अपने मित्र जितेंद्र के साथ बाइक से पार्टी के लिए जा रही

थी. दोनों रात में राजपूत ढाबे की ओर निकलने वाले थे और अलग-अलग बाइकों पर सवार साथी उनसे आगे निकल चुके थे. तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े. घायलों को तत्काल ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां से आस्था की हालत बिगड़ने पर उसे जूपिटर अस्पताल में शिफ्ट किया . इलाज के दौरान रविवार सुबह करीब 5.30 बजे उसकी मौत हो गई.

अनियंत्रित होकर कार पलटी

इसी तरह अन्य अन्य घटना इसी क्षेत्र में देर रात घटी जब कार नम्बर एमपी 09 जेडएम 0482 अनियंत्रित होकर पलट गई . कार में सवार चार युवकों में से दो को मामूली चोटें आईं . एक युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जबकि अन्य घर लौट गए . इसी तरह तीसरी घटना लसूडिया थाना क्षेत्र के अंधे मोड़ पर घटी, स्कीम नंबर 136 में एक तेज रफ्तार कार नम्बर एमपी 13 जेडएल 1111 ब्रिलियंट चौराहे से स्कीम 136 की ओर जा रही थी . चौराहे से लगभग 100 मीटर पहले एक अंधे मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया . कार फुटपाथ तोड़ते हुए करीब छह फीट गहरे खाली प्लॉट में पलट गई . गनीमत रही कि चालक सुरक्षित है, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, तीनों ही मामलों में पुलिल जांच कर रही है .

जितेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है और वह फिलहाल होश में नहीं है. मृतका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मूलत: कानपुर के पास अकबरपुर की रहने वाली आस्था ने गुना से बीटेक किया था और चार महीने पहले ही नौकरी के सिलसिले में इंदौर आई थी. वह केसरबाग रोड स्थित किराए के मकान में रहती थी और शहर की एक आईटी कंपनी में जॉब कर रही थी, उसके पिता किसान हैं. परिवार में एक छोटा भाई और एक बहन है. रिश्तेदार कुलदीप के अनुसार, आस्था के साथ चल रहे जितेंद्र की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ.मामले में थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि ट्रक की पहचान के प्रयास जारी हैं, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. फिलहाल तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की प्रमुख वजह माना जा रहा है.

महिला ने लगाई फांसी, परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

पत्नी से विवाद के बाद युवक फांसी पर झूला, पारिवारिक विवाद की वजह आई सामने

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में पारिवारिक विवाद और अविश्वास एक बार फिर दो जिंदगियां निगल गया. बाणगंगा और गांधी नगर थाना क्षेत्र में दो लोगों ने अलग-अलग घटनाओं में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. एक मामला महिला का है, जिसने प्रेम विवाह किया था और उसका मायका पक्ष पति पर मारपीट के आरोप लगा रहा है. वहीं दूसरी घटना में एक युवक पत्नी को डराने की नीयत से फंदे पर झूला लेकिन उसकी जान चली गई.

पहली घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के भागीरथपुरा की रहने वाली 26 वर्षीय कोमल ठाकुर ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि कोमल ने दो साल पहले महेन्द्र ठाकुर से प्रेम विवाह किया था. दोनों एलआईजी चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल में कर्मचारी थे, वहीं दोनों की पहचान हुई थी. दंपती की आठ माह की एक बेटी है. कोमल के मायके पक्ष का आरोप है कि महेन्द्र आए दिन कोमल से मारपीट करता था. शनिवार रात भी पति का फोन कोमल की भाभी के पास आया और कहा गया कि कोमल की तबीयत खराब है. जब परिजन पहुंचे तो महेन्द्र उसे फंदे से उतार चुका था. परिजनों ने यह भी बताया कि कोमल की यह दूसरी शादी थी और उसकी पहली शादी से दो बेटियां हैं, जो फिलहाल अपने मामा-मामी के पास रह रही हैं. कुछ समय तक वे महेन्द्र के साथ भी रही थीं, लेकिन वापस लौट गईं. बेटियों ने बताया कि दूसरे पिता यानी महेन्द्र मारपीट करते हैं, इसलिए वे वहां नहीं रहना चाहतीं. फिलहाल पुलिस ने कोमल के कमरे को सील कर दिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है, पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, मामले में जांच की जा रही है.

धमकी दी और लगा ली फांसी

इसी तरह दूसरी घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित अरिहंत नगर में रहने वाले 40 वर्षीय कल्पेश उपाध्याय ने शनिवार रात अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी . वह डिलीवरी बॉय का काम करता था . गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि कल्पेश का पत्नी रोशनी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था . इसके बाद वह उसे आत्महत्या की धमकी देकर डराने के इरादे से कमरे में गया और दरवाजा बंद कर लिया . कुछ देर बाद पत्नी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसने खिड़की से झांका . कल्पेश फंदे पर लटका हुआ था, तत्काल उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी . कल्पेश की एक दो साल की बेटी भी है . दोनों ही मामलों में पुलिस जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं .

घर लौटे तो बेटी फंदे पर लटकी मिली

कपड़ा व्यापारी की हार्ट अटैक से मौत

नव भारत न्यूज

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना उस समय सामने आई जब परिजन घर लौटे और बेटी को फंदे पर लटका पाया.

मृतका की पहचान 13 वर्षीय अंजली पिता माखनलाल मीणा निवासी मकान नम्बर 302 द्वारकापुरी के रूप में हुई है. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घटना के समय परिजन घर पर मौजूद नहीं थे. जब माता-पिता लौटे तो कमरे का दरवाजा बंद मिला, और भीतर झांकने पर बेटी फांसी के फंदे पर लटकी मिली. परिजनों ने तुरंत दरवाजा तोड़कर बच्ची को नीचे उतारा और अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लियहै. आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है.

इंदौर . एमटी क्लॉथ मार्केट के होलसेल कपड़ा व्यापारी एवं प्रॉपर्टी व्यवसायी लखमीचंद जगवानी की महाराष्ट्र में यात्रा के दौरान हृदयगति रुकने से मौत हो गई . वे पत्नी के साथ परिजन से मिलने और घूमने के लिए गए थे . ट्रेन में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई . त्रिवेणी कॉलोनी एक्सटेंशन निवासी लखमीचंद जगवानी परिवार के साथ महाराष्ट्र के कर्जत जा रहे थे . इसी दौरान ट्रेन में उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई . प्राथमिक जानकारी के अनुसार, उन्हें हार्ट अटैक आया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई . सूचना मिलते ही इंदौर से परिजन रवाना हुए और सुबह वे शव लेकर इंदौर पहुंचे . जगवानी एमटी क्लॉथ मार्केट में कपड़े के थोक व्यापारी थे . इसके अलावा उनका गांधीनगर क्षेत्र में प्रॉपर्टी कारोबार भी था . उनकी मृत्यु की खबर से व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है .

रेडीमेड व्यापारी की आत्महत्या में पुलिस ने कसा सूदखोरों पर शिकंजा

- छह आरोपियों के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज
- अब तक नहीं चढ़ा कोई भी आरोपी हाथ

नव भारत न्यूज

इंदौर. सूदखोरों की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले रेडीमेड कपड़ा व्यापारी की मौत के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है. आरोपियों की तलाश में रात पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों पर दबिश भी दी, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.

घटना शुक्रवार की है, जब पल्हर नगर निवासी व्यापारी महेंद्र पिता शांतिलाल जाधव ने जिला अस्पताल के बाहर जहर खाकर जान दे दी थी. उसने जहर निगलने से पहले एक वीडियो भी बनाया था, जिसमें कुछ सूदखोरों द्वारा मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किए जाने के आरोप लगाए गए थे. हालत बिगड़ने पर महेंद्र खुद अस्पताल पहुंचा, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. चंदन नगर पुलिस ने परिजनों के बयानों और मृतक के वीडियो के आधार पर जिन छह लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, उनमें हेमन्त वर्मा, आलोक जैन, जीतू चावला, पूनम कुशवाह, अरविंद परमार और कमल जैन शामिल हैं.

सभी पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करना के तहत प्रकरण दर्ज किया है. मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन वे फरार हैं. पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं और कॉल डिटेल्स से लेकर लोकेशन ट्रैकिंग तक सभी पहलुओं पर काम किया जा रहा है.

अनदेखी मालमा चंपा बाग क्षेत्र का, दुकानदारों ने सड़क तक कर रखा है अतिक्रमण

डीपी से सटाकर बनाई है दुकान, हो सकता है हादसा

नव भारत न्यूज

इंदौर. एक तरफ अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने की कल्पना की जाती है. वहीं दूसरी तरफ व्यवसायिक क्षेत्रों में जाकर देखा जाए तो बड़े पैमाने अतिक्रमण साफ दिखाई देता है. फिर भी इन पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती.

जवाहर मार्ग और हाथीपाला के बीच बसे चंपा बाग़ में लोग चद्दर, टीन के बड़े व्यवसाय से जुड़े हैं. हाथी पाला की ओर से चंपा बाग में घुसते ही दाहिने तरफ दूसरे नंबर की गली में व्यापारियों द्वारा अपनी सीमा से बढ़ाकर टीन शेड लगाए गए हैं. साथ ही अपने दुकान का सारा सामान सड़कों पर रख दिया है जो यातायात में बाधा पैदा करता है. अगर अंदर बस्ती में कोई अग्निकांड या बड़ी अनहोनी हो जाए तो इन अतिक्रमणकर्ताओं के कारण बड़ी दुर्घटना हो सकती है. अधिकारी यहां पर कार्रवाई क्यों नहीं करते यह एक बड़ा सवाल है. बताया जाता है हमेशा कार्रवाई के पहले ही इन्हें सूचित किया जाता है और यहां कार्रवाई नहीं की जाती हैं. इसके अलावा इसी गली में विद्युत डीपी लगाई गई है. इस डीपी के ठीक चिपक कर टीन की दुकानें बनाई गई है. यहां भी बड़ा भारी खतरा बना हुआ है. अगर करंट फैलता है तो क्षेत्र के आधे से ज्यादा रहवासी बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं.

इनका कहना है...

देश-प्रदेश एवं शहर में पिछले कुछ समय से अतिक्रमण को लेकर बड़ी मुहिम देखने को मिली है लेकिन जब इन अतिक्रमण माफिया पर नजर पड़ती है तो इसमें भ्रष्टाचार साफ तौर से दिखाई देता है .

- खुश निगम

चंपा बाग अधिकांश लोहे की टीन के शेड बने हैं . ऐसे में करंट फैलने का डर है . विभाग अतिक्रमण हटाने के साथ विद्युत सुरक्षा भी देखे . नगर निगम एवं विद्युत विभाग को संयुक्त करवाई करना चाहिए .

- कुलदीप एकवन

कार्रवाई बड़े पैमाने पर की जाना चाहिए . अगर उनकी खुद की जमीन है तो प्रशासन को उनके टीन शेड हटवा कर पक्के निर्माण करना चाहिए लेकिन वहां कार्रवाई क्यों नहीं होती यह कारण जानना जरूरी है .

- किशन ली